सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–72
21/01/2026

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में सारण जिले में विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

- मुख्यमंत्री ने सारण जिले को दी 538 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात। 451 करोड़ रूपये की 45 योजनाओं का किया शिलान्यास, 87 करोड़ रुपये की 24 योजनाओं का किया उद्घाटन।

पटना, 21 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सारण जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने राधे कृष्ण जीविका महिला संकुल संघ द्वारा संचालित दीदी का सिलाई घर, प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने दीदी का सिलाई घर, प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका द्वारा प्रखंड कार्यालय, बड़ा तेलपा, छपरा के परिसर में स्थापित इस केंद्र से कुल 60 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। सिलाई केंद्र की महिलाओं ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपके द्वारा शुरु की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना हम सभी के लिए वरदान साबित हुई है। सभी बेरोजगार महिलाएं अब रोजगार से जुड़ चुकी हैं। आपने महिला सशक्तीकरण के लिए काफी काम किया है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास जगा है। इसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा संपोषित 11,985 स्वयं सहायता समूहों को परियोजना एवं बैंकों द्वारा वित्त प्रदत 2 अरब 7 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक, चश्मा, हियरिंग ऐड आदि लाभुकों को प्रदान किया। बिहार लघु उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना, जीविका कैडरों का मानदेय दोगुना करना, किसान सलाहकार का मानदेय वृद्धि, पौधा संरक्षण अंतर्गत 694 पदों का सृजन, गर्भाश्य कैंसर प्रतिरक्षण, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने, कलाकार पेंशन योजना के तहत बिहार में पहली बार वरिष्ठ कलाकारों को 3 हजार रुपये मासिक पेंशन दिए जाने की घोषणा, शिक्षक नियोजन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने, मुख्यमंत्री रोजगार योजना शुरु करने आदि को लेकर लाभुकों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया एवं उन्हें धन्यवाद दिया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छपरा का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छपरा जिले में कराए जा

रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर सारण जिले के लिए 451 करोड़ रुपये की 45 योजनाओं का शिलान्यास एवं 87 करोड़ रुपये की 24 योजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान क्लासरूम, मैकेनिकल डीजल कर्मशाला, इलेक्ट्रिक कर्मशाला आदि का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित छात्रों से बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब अच्छे से पढ़ाई करें, प्रशिक्षण प्राप्त करें हमारी शुभकामनाएं हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री श्री संजय सिंह टाइगर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक अभियान, विशेष कार्य बल सह पुलिस महानिदेशक विशेष शाखा श्री कुंदन कृष्णन, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, उद्योग विभाग के सचिव श्री कुंदन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चंद्रशेखर सिंह, युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग के सचिव श्री कौशल किशोर, सारण प्रमंडल के आयुक्त श्री मनीष कुमार, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री निलेश कुमार, जिलाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

******